जनता के लिए
मानव ऊतक प्राधिकरण (Human Tissue Authority) पद्धति संहिता F: प्रत्यारोपण के लिए ठोस अंगों और ऊतक का दान (भाग दो: मृतक के अंग और ऊतक का दान) से संबंधित गाइड

अंग और ऊतक दान के हमारे विनियम के संबंध में यह गाइड 'आपको' ऐसे संभावित दाता के रूप में संबोधित करने के लिए लिखी गई है जिसकी अपनी मृत्यु के बाद अपने अंगों और ऊतकों का दान करने में रुचि है। यह HTA की पद्धति संहिता F (भाग दो) मृतक के अंग और ऊतक का दान, पर आधारित है जो अंग दान और प्रत्यारोपण (ट्रांसप्लांटेशन) के क्षेत्र में कार्यरत पेशेवरों के लिए है।

भाग दो को इंग्लैंड में मृतक के अंग और ऊतक दान के लिए एक नई प्रणाली (आमतौर पर "ऑप्ट-आउट" या "मानी गई सहमति" ("deemed consent") प्रणाली कहा जाता है) की शुरूआत को व्यक्त करने के लिए 2020 में अद्यतन किया गया था।

वेल्स ने 2015 से मृतक के अंग और ऊतक दान के लिए मानी गई सहमति प्रणाली के अंतर्गत कार्य किया है।

उत्तरी आयरलैंड में, मानी गई सहमति लागू नहीं होती है; सहमति हमेशा संभावित दाता द्वारा अपनी मृत्यु से पहले व्यक्त रूप से, या किसी नामित प्रतिनिधि या उसकी मृत्यु के बाद किसी योग्य संबंध में किसी व्यक्ति द्वारा दी जानी चाहिए (नीचे परिशिष्ट A देखें)।

स्कॉटलैंड में मृतक के अंग और ऊतक के दान को विनियमित करने में HTA की कोई भूमिका नहीं है। आप स्कॉटलैंड में अंग और ऊतक दान के बारे में यहाँ और अधिक पढ़ सकते हैं।

इस गाइड में उल्लेख नहीं किया गया है

- शरीर का दान
- अनुसंधान के लिए अंग और ऊतक का दान

सामान्य रूप से प्रयुक्त शब्दावली

अंग

जहाँ हम इस मार्गदर्शन में अंग या अंगों शब्द का उपयोग करते हैं, वहाँ इसका आशय निम्नलिखित सहित विशेष रूप से संपूर्ण ठोस अंग या अंगों से होता है:

- गुर्दा
- जिगर
- दिल
- अग्नाशय
- फेफड़ा

इस संदर्भ में इसकी सामान्य परिभाषा कि कोई अंग क्या होता है, यह है कि यह कोई ऐसा शारीरिक अंग हो जिसका कोई विशेष प्राणाधार प्रयोजन होता है।

ऊतक

जहाँ हम ऊतक शब्द का उपयोग करते हैं, वहाँ इसका तात्पर्य कोशिकाओं द्वारा सृजित मानव शरीर के विभिन्न अंग/गों से होता है जो सम्पूर्ण ठोस अंग नहीं होते हैं।

अंग और ऊतक

जब हम "अंगों और ऊतक" का उल्लेख करते हैं, तब यह इसे स्पष्ट करने के लिए होता है कि दोनों का संयोजन है।

मानी गई सहमति

इंग्लैंड और वेल्स में, 18 वर्ष और इससे अधिक आयु के लोगों को मृत्यु के बाद संभावित अंग और ऊतक दाताओं के रूप में माना जा सकता है, जब तक कि वे यह निर्णय नहीं लेते कि वे दाता नहीं बनना चाहते। मृत्यु के बाद अपनी ओर से यह निर्णय लेने के लिए किसी प्रतिनिधि को नामित करना भी संभव है।

यदि आप “शामिल न किया गया वयस्क” हैं, तो यह लागू नहीं होगा (अतिरिक्त सूचना के लिए नीचे अतिरिक्त सूचना और संसाधन देखें)।

HTA की भूमिका

HTA अंगों, ऊतकों और कोशिकाओं (प्रजनन कोशिकाओं को छोड़कर) के दान को विनियमित करता है, और कानून के बारे में सलाह और मार्गदर्शन प्रदान करता है।

मृत्यु के बाद अंग और ऊतक दान के लिए मानी गई सहमति की एक प्रणाली इंग्लैंड और वेल्स में कार्य कर रही है। यह HTA के जीवित अंग दान के विनियमन को प्रभावित नहीं करती है।

भाग 2 – मृत्यु के बाद अंगों और ऊतक का दान करना

इस सार्वजनिक गाइड में **केवल** इंग्लैंड और वेल्स में मृत्यु के बाद अंगों और ऊतकों का दान करने का उल्लेख किया गया है

मई 2020 में इंग्लैंड में मृतक के अंग और ऊतक के दान के लिए सहमति की अपेक्षाओं को बदल दिया गया जिसका सामान्य रूप से "ऑप्ट-आउट" प्रणाली के रूप में उल्लेख किया जाता है। वेल्स में यह प्रणाली 2015 से लागू रही है।

इसका अर्थ यह है कि जहाँ अंग और ऊतक के दान के संबंध में या तो ऑप्ट-इन या ऑप्ट-आउट करने के लिए कोई निर्णय दर्ज नहीं किया गया है, और कोई निर्णय ज्ञात नहीं है, वहाँ माना जा सकता है कि सहमति है (अर्थात यह माना जा सकता है कि कोई व्यक्ति दान के लिए सहमत हुआ होगा)। अंगों और ऊतक को कुछ परिस्थितियों में मृत्यु के बाद प्रत्यारोपण के लिए उपयोग किया जा सकता है। मृत व्यक्ति के परिवार और करीबी मित्रों के साथ हमेशा बातचीत की जाएगी (कृपया इस बारे में सूचना के लिए नीचे **परिशिष्ट A – योग्य संबंध (Qualifying Relationships)** देखें कि यह कौन हो सकता है)।



अंग और ऊतक दान करने का निर्णय लेना

HTA इस संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए जिम्मेदार है कि कानूनसम्मत सहमति किसे माना जाता है।

कानूनसम्मत रूप से अंग और ऊतक का दान होने के लिए सहमति अवश्य होनी चाहिए, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि जहाँ सहमति है, वहाँ दान अवश्य होना चाहिए। यह एक नैदानिक निर्णय है जिसमें आपका परिवार महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

अपने जीवन के दौरान, आप अनेक तरीकों से दान करने के लिए सहमति दे सकते हैं:

- इसे करने का सबसे आम तरीका आपके निर्णय कोअंग दान रजिस्टर (Organ Donor Register)(ODR) पर दर्ज करना है जो NHS Blood and Transplant (NHS रक्त और प्रत्यारोपण)(NHSBT) द्वारा संचालित किया जाता है। इसकी प्रत्येक ऐसे मामले में जाँच की जाती है जहाँ अंग और ऊतक दान की संभावना होती है।

- अपने परिवार और मित्रों को अपने निर्णय के बारे में बताएं।

- आप NHS Appके माध्यम से अपना निर्णय दर्ज करने के लिए ODR भी देख सकते हैं।

- आप अपनी मृत्यु के बाद अपनी ओर से निर्णय लेने के लिए कोई प्रतिनिधि भी नामित कर सकते हैं (यहाँऔर अधिक पढ़ें)।

आप किसी भी समय अपनी सहमति वापस ले सकते हैं। **कृपया ध्यान दें** - सहमति को अनुसंधान जैसे प्रयोजनों के लिए नहीं माना जा सकता है; यह मानी गई सहमति के दायरे से बाहर है। हमेशा त्वरित (एक्सप्रेस) सहमति मांगी जाएगी।

मेरी सहमति में क्या शामिल है?

आप अपनी मृत्यु के बाद दान के लिए अपने सभी अंगों और ऊतक को दान करने के लिए सहमति दे सकते हैं, या आप यह उल्लेख कर सकते हैं कि आप किन अंगों और ऊतक को दान करने के लिए सहमति देते हैं।

आप किसी ऐसे विशेष प्रकार के व्यक्ति का उल्लेख नहीं कर सकते हैं जिसे आप दान करना चाहते हैं। कभी-कभी, सहमति के मौजूद होने के बावजूद दान संभव नहीं हो पाता। ऐसा होने के बहुत से कारण होते हैं।



अंग और ऊतक दान करने का निर्णय वापस लेना

अपने जीवन के दौरान, आप अनेक तरीकों से दान करने का निर्णय वापस ले सकते हैं:

- इसे करने का सबसे आम तरीका आपके निर्णय कोअंग दान रजिस्टर (Organ Donor Register)(ODR) पर दर्ज करना है जो NHS Blood and Transplant (NHS रक्त और प्रत्यारोपण)(NHSBT) द्वारा संचालित किया जाता है। इसकी प्रत्येक ऐसे मामले में जाँच की जाती है जहाँ अंग और ऊतक दान की संभावना होती है।

- अपने परिवार और मित्रों को अपने निर्णय के बारे में बताएं।

- आप NHS Appके माध्यम से अपना निर्णय दर्ज करने के लिए ODR भी देख सकते हैं।

- आप अपनी मृत्यु के बाद अपनी ओर से निर्णय लेने के लिए कोई प्रतिनिधि भी नामित कर सकते हैं (यहाँऔर अधिक पढ़ें)।

यदि आप यह बता देते हैं कि आप अंग और ऊतक के दान के लिए सहमति नहीं देते हैं तो दान सम्पन्न नहीं किया जा सकता है।

अतिरिक्त सूचना और संसाधन

ऐसे अंग जो मानी गई सहमति के अंतर्गत शामिल नहीं हैं

सहमति को कुछ अंगों और ऊतकों के लिए नहीं माना जा सकता है और व्यक्त सहमति लिए जाने की आवश्यकता होगी। आप उन अंगों और ऊतक की सूची HTA की वेबसाइट पर यहाँ देख सकते हैं जिनके लिए व्यक्त सहमति की आवश्यकता होती है।

HTA
Human Tissue Authority

शामिल न किए गए समूह (वे लोग जिनकी सहमति इंग्लैंड या वेल्स में नहीं मानी जा सकती)

सहमति निम्नलिखित परिस्थितियों में नहीं मानी जा सकती:

- जिस व्यक्ति की मृत्यु हुई है, वह 18 वर्ष से कम आयु का बच्चा है;
- जिस व्यक्ति की मृत्यु हुई है वह ऐसा वयस्क है जो मरने से ठीक पहले कम से कम 12 महीने की अवधि तक **सामान्य रूप से निवासी नहीं रहा था**, या;
- जिस व्यक्ति की मृत्यु हुई है, वह ऐसा वयस्क है जिसमें अपनी मृत्यु से पहले महत्वपूर्ण अवधि तक मानी गई सहमति की संकल्पना को समझने की **क्षमता का अभाव** था।

आस्था और मान्यता

किसी भी दान को सम्पन्न करने से पहले आपके परिवार के साथ चर्चा की जाएगी - भले ही आपने अंग और ऊतक के दान के विकल्प का चयन करने का अपना निर्णय दर्ज किया हो।

इन चर्चाओं में आपकी आस्था और मान्यताओं को ध्यान में रखा जाएगा, चाहे वे सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, धार्मिक या गैर-धार्मिक हों। अस्पतालों में आस्था-प्रशिक्षित सह-समन्वयक, विभिन्न आस्थाओं का प्रतिनिधित्व करने वाली एक पादरी सेवा, या मान्यता प्राप्त गैर-धार्मिक पादरी संबंधी देखभालकर्ता भी हो सकते हैं जो परिवारों से सहयोग करने में सहायता करते हैं।

यदि आप अपना निर्णय ODR पर दर्ज करते हैं, तो आप अनुरोध कर सकते हैं कि आपके परिवार से इस संबंध में बात की जाए कि अंग और ऊतक के दान के संबंध में आपकी आस्था या मान्यताओं के अनुरूप कैसे आगे कार्रवाई की जा सकती है।

अंग और ऊतक दान के संबंध में धार्मिक मान्यता और आस्था के बारे में अतिरिक्त सूचना NHS BT की वेबसाइट पर यहाँ उपलब्ध है: https://www.organdonation.nhs.uk/helping-you-to-decide/your-faith-and-beliefs/.

परिशिष्ट A - योग्य संबंध

मानव ऊतक अधिनियम (Human Tissue Act) 2004 में ऐसे 'योग्य' संबंधों की सूची शामिल है जिन्हें दर्जा दिया गया है।

सूची निम्नानुसार है:

1. पत्नी/पति या पार्टनर (सिविल या समान लिंग के पार्टनर सहित)
2. माता/पिता या बच्चा
3. भाई या बहन
4. दादा/दादी/नाना/नानी या पोता/पोती/नाती/नातिन
5. भतीजी या भतीजा
6. सौतेला पिता या सौतेली माँ
7. सौतेला भाई या सौतेली बहन
8. पुराना मित्र

इन प्रयोजनों के लिए, किसी व्यक्ति को तब पार्टनर माना जाता है यदि वह चिरस्थायी पारिवारिक संबंध में पार्टनर के रूप में रहता है।